भाषा प्रेस ट्रस्ट ऑफ़ इंडिया
भारत की प्रमुख संवाद समिति

ट्रकिंग क्यूब पर 100 करोड़ रुपए निवेश करेगा अग्रवाल मूवर्स ग्रुप

विज्ञापन

पीटीआई-भाषा संवाददाता 16:40 HRS IST

नयी दिल्ली, नौ मार्च :भाषा: ट्रकों के जरिए देशभर में माल परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने वाले अग्रवाल मूवर्स ग्रुप ने गंतव्य स्थलों तक ग्राहकों के सामान सुरक्षित पहुंचाने के लिए ट्रकिंग क्यूब की खरीद पर अगले तीन साल में 100 करोड़ रपये निवेश करने की योजना बनाई है।

ट्रकिंग क्यूब स्टील का बना आईएसओ प्रमाणित कंटेनर होता है जिसमें वस्तु खासकर खाने-पीने की चीजों व दवाइयों के खराब होने की गुंजाइश न के बराबर रहती है।

अग्रवाल मूवर्स ग्रुप के चेयरमैन रमेश अग्रवाल ने पीटीआई भाषा को बताया, " वस्तुओं के ट्रांसशिपमेंट :सामान को एक वाहन से उतारकर दूसरे वाहन पर चढ़ाने: से चीजें समय से पहले खराब हो जाती हैं। इससे बचने के लिए हमने ट्रकिंग क्यूब अपनाना शुरु किया है।" उन्होंने कहा, " हमारी कंपनी अग्रवाल पैकर्स एंड मूवर्स लिमिटेड ने ट्रकिंग क्यूब की खरीद पर अभी तक 16 करोड़ रपये निवेश किया है और अगले तीन साल में 100 करोड़ रपये का निवेश करने की हमारी योजना है। ट्रकिंग क्यूब से पैकेजिंग लागत 6 प्रतिशत तक घट जाती है व सेवा में 200 प्रतिशत तक सुधार आता है।" अग्रवाल ने कहा कि कंपनी अगले ढाई साल में ट्रकिंग क्यूब की संख्या मौजूदा 2,000 से बढ़ाकर 10,000 पर पहुंचाएगी। इनमें 4 फुट से लेकर 20 फुट तक की लंबाई के क्यूब शामिल हैं।

कारोबार विस्तार पर उन्होंने कहा कि कंपनी ने अगले चार-पांच साल में कारोबार 2,000 करोड़ रपये पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा है जो अभी करीब 500 करोड़ रपये है।